## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ में 25 हजार का ईनामी बदमाश दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने 25000 के इनामी बदमाश को दबोच लिया। इनामी बदमाश पर विभिन्न स्थानों में 7 मुकदमे दर्ज है। मंगलवार की रात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पाकर नगर के सोहरका मार्ग स्थित स्टेडियम के समीप आम के बाग में 25000 के इनामी बदमाश जीशान पुत्र रईस उर्फ खन्ना निवासी मदीना मस्जिद थाना सैदनगली की घेरा. बंदी कर ली। अपने आप को घिरता हुआ देखकर बदमाश जीशान ने भागते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस ने बदमाश पर शिकंजा कस दिया तथा उसे भागने का कोई मौका नहीं दिया और उसे वहीं दबोच लिया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से तमंचा व कारतूस भी बरामद किये है। पकड़े गये बदमाश जीशान पर गोकशी अवैध शस्त्र पशु क्रूरता अधिनियम के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों में सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से उसको कोर्ट ने जेल भेज दिया।

### गेहूं की कटाई तक बंद हो नहर की खुदाई


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। किसान यूनियन ने दि किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ने की घाटतौली किये जाने का आरोप लगाते हुए जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैट की मासिक पंचायत का आयोजन तहसील परिसर में किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गांव कूड़ी वीरान में जो नहर की खुदाई का कार्य चल रहा है। जब तक गेहूं की फसल की कटाई ना हो तब तक नहर की खुदाई कार्य नहीं करवाया जाये।

**■ भाकियू ने सौंपा ज्ञापन**

उन्होंने कहा कि दि किसान सरकारी चीनी मिल हसनपुर में गन्ने की घटतौली की जा रही है। जिससे किसान छला जा रहा है। इस पूरे मामले की जांच करवाई जाये तथा दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही भी अमल में लाई जाये। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं को पड़कर गौशालाओं में भिजवाया जाये। बिजली विभाग के मीटर रीडर बिल निकाल कर जाते हैं वह रीडिंग गलत देते है। जिससे उपभोक्ता बर्बाद हो रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, सुरेंद्र शर्मा, मोमिन सैफी, अरविंद शर्मा, चंदा देवी, शांति देवी, शीशपाल सिंह, महिपाल सिंह, हर्षवर्धन सिंह, पारुल देवी, कमला देवी मौजूद रही।

### मौलाना नईम का इंतकाल



**नौगांवा सादात**। मौलाना नईम अब्बास का लम्बी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। कस्बा निवासी मौलाना नईम अब्बास मदरसा जमियतुल मुनतर के प्रधानाचार्य पद पर से रिटायर हुए थे। वह मोहर्रम के महीनों में कई देशों में जाकर मजलिस व तकरीर दिया करते थे। मंगलवार को दिल्ली के होली फैमिली हास्पिटल में उन्होंने 73 साल की उम्र की आखिरी सांस ली।

## महाशिवरात्रि पर आज होने वाले जलाभिषेक के लिए सज गये शिवालय

# बम भोले के जयकारों से शिवमय हुआ माहौल



■ गजरौला। हरिद्वार से जल भरकर मंजिल की ओर बढ़ते कांवड़ियों के जत्थे।

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। महाशिवात्रि को लेकर जलाभिषेक के लिये शिवालयों को सजा दिया गया है। नगर के श्री वासुदेव तीर्थ पर भारी संख्या में भोले के भक्त कांवर चढ़ाते है। यहां जल चढ़ाने के लिये बैरिकेटिंग कर दी गई है। जबकि कांवड़ियों का पुष्प वर्षा व ढोल नगाड़ों से स्वागत किया जा रहा है। सारा दिन भोलों का आना लगा रहा। डीजे पर बज रही धार्मिक धुनों की आवाज दूर तक सुनाई दे रही है।

बुधवार को महाशिवात्रि का पर्व है। जिसे लेकर भोले के भक्तों में अपार श्रद्धा व आस्था देखी जा रही है। वह कई दिन-दिन पहले हरिद्वार तथा अन्य तीर्थो से जल लेने निकल गये थे। जो मंगलवार को तेजी से अपनी मंजिल की तरफ कदम बढ़ रहे है। हाईवे व स्टैट हाईवे पर बम भोले के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही है। हर कोई भगवान शंकर तथा माता पार्वती की आस्था में डूबा है। तेज आवाज में धार्मिक धुनें बजाई जा रही है। जिससे सारा माहौल पूरी तरह धार्मिक दिखाई दे रहा है। गंगाजल लेकर आने वाले कांवड़ियों पर कई जगह पुष्प वर्षा भी की गई। इसके अलावा उनकी सेवा के लिये जगह-जगह शिविर भी लगाये जा रहे है। पैदल कांवड़ियों का रास्ता हाथ जोड़कर का सेवादार उन्हें अपने शिविर में आने का निमंत्रण दे रहे हैं। ढोल नगाडों के साथ कांवड़ियों को उनके परिजन व सुभचिंतक रिसीव करने पहुंच रहे है। कई दिन पहले घर से निकालकर हरिद्वार से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों के पैरों पर बंधे घुघरूओं की आवाज दूर तक सुनाई दे रही है। पुरूष ही नहीं बल्कि महिला कांवड़ियों भी कंधे पर कांवड़ रखकर पूरा साथ निभा रही है। चल पैदल जल लेकर आने वाले शिवभक्तों के पैरों में छाले पड़ गये है। फिर वह उनका उत्साह दिखते ही बन रहा है। भक्ति का आलम यह है कि छोटे-छोटे बच्चें भी पूरी आस्था से बड़ों के साथ अपनी मंजिल तय कर रहे है। आज होने वाले जलाभिषेक के लिये मंदिरों पर चल रही तैयारी भी पूरी हो गई है। श्रीवासुदेव मंदिर पर जल चढ़ाने के लिये बैरिकेटिंग की जा चुकी है। इसके अलावा नगर के अधिकांश मंदिरों में महिला भक्तों द्वारा भजन कीर्तन किया जा रहा है।

**■ कांवड़ियों को पुष्पवर्षा व भांगड़े से स्वागत**

## आज भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे भक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। महाशिवरात्रि पर्व पर पत्थरकुटी शिव मंदिर पर जलाभिषेक कैमरों की निगरानी में किया जाएगा।

**■ तीसरी आंख की निगरानी में होगा जलाभिषेक**

पुलिस-प्रशासन ने भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से पत्थरकुटी शिव मंदिर पर सीसीटीवी लगाए हैं। दूसरी ओर एसडीएम व सीओ ने भी पत्थरकुटी शिव मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां दो निरीक्षक समेत करीब 50 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

प्राचीन पत्थरकुटी शिव मंदिर में महाशिव. रात्रि पर्व पर लगने वाले मेले की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दुकानें सज गई हैं। प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाए जाएंगे। सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। शिव मंदिर परिसर में सौंदर्य प्रसाधन, खिलौने, मिठाइयां, फल-फूल की दुकानें सज गईं हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया की बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी करली गईं है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार के अनुसार, भीड़ को नियंत्रण करने के लिए मंदिर आने वाले प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाया जा रहा है। मेले की निगरानी के लिए मंदिर परिसर के साथ ही मीना बाजार में भी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेले की सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष के साथ कि 15 उपनिरीक्षक, 35 हेड कांस्टेबल, आठ महिला कांस्टेबल, यातायात पुलिस, होमगार्ड व पीआरडी की ड्यूटी भी लगाई गई है।

## चेयरमैन ने फूल बरसाकर किया शिवभक्तों का स्वागत



**हसनपुर**। शिव भक्तों का एक जत्था हरिद्वार से पैदल गंगा जल लेकर जैसे ही नगर की सीमा में पहुंचा तो नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा अपने साथियों के साथ शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा कर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। नगर निवासी राहुल प्रजापति एवं विपिन प्रजापति के नेतृत्व में 19 फरवरी को नगर के लगभग 50 शिव भक्तों का एक जत्था गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार को रवाना हुआ था। मंगलवार को भोलों ने पैदल गंगाजल लेकर नगर में प्रवेश किया तो ब्लॉक तिराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने अपने साथियों के साथ शिव भक्तों को फूल माला पहनाई और उन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। चेयरमैन राजपाल सैनी ने बताया कि यह सभी युवा शिव भक्ति में मगन होकर काफी वर्षों से भगवान भोलेनाथ की कांवड़ ला रहे हैं। इस मौके पर नगर स्वच्छता प्रेरक प्रशांत सैनी, इशांत सैनी,प्रमोद रोहिल्ला, सौरभ सैनी, राहुल, दिवाकर बेदी आदि मौजूद रहे

# एसपी ने लिया कांवड़ियों की सुरक्षा का जायजा



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना गजरौला एवं ब्रजघाट क्षेत्र में कांवड रूट का निरीक्षण कर कांवड़ियों के सुगम आवागमन एवं यातायात की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था/ट्रैफिक डायवर्जन, सुरक्षा व्यवस्था एवं समुि. चत प्रबंधों का जायजा लिया। यात्रा मार्गों पर व्यवस्था में जो कमियाँ पाई गईं उन्हें तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। यायायात डायवर्जन के उपरान्त ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों पर चौबीस घंटे सतर्क दृष्टि रखते हुए निगरानी करें तथा कोई भी संदिग्ध व्यक्ति/वाहन दिखने पर तत्काल अपने उच्चाधिकारियों को अवगत करायें। यदि किसी कांवड़ यात्री के साथ कोई अप्रिय घटना होती है अथवा उनकी तबीयत खराब होती है तो तत्काल इसका संज्ञान लेकर अतिशीघ्र सहायता उपलब्ध करायी जाए। कांवडियों की सुरक्षा/कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए। थाना प्रभारी को कांवड़ मार्ग पर विशेष सर्तकता एवं निगरानी तथा ड्यूटी प्रभावी किये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये।

**■ चौबीस घंटे सीसीटीवी के जरिये निगरानी के निर्देश**

# युवक को कार से खींचकर बेरहमी से पीटा

### शादी समारोह में हुई थी कहासुनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी समारोह में हुई मामूली कहासुनी के बाद गांव के युवकों ने कार को घेर लिया। बाद में युवक को बाहर खींच कर उसकी बेरहमी से पिटाई की। मौके पर भीड़ जमा होती देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्यौनाली की है। सोमवार को क्षेत्र के गांव पूरनपुर निवासी अंशुल कुमार की शादी थी। जिसमें सैदनगली निवासी अंशुल के दोस्त भी आए थे। जिनमें पवित्र प्रजापति, अभिषेक, उदित, तुषार व दीपू शामिल थे। बताया जा रहा है कि शादी में किसी बात को लेकर पवित्र की कुछ युवकों से कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर लोगों ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत करा दिया था। इसके बाद पवित्र अपनी कार में सवार होकर घर लौट रहा था। आरोप है पीछा करते हुए आए चार युवकों ने गांव श्यौनाली के पास ओवरटेक कर पवित्र की कार को रोक लिया। कार से पवित्र को बाहर खींचते हुए मारपीट शुरू कर दी। लोहे की रॉड से भी हमला किया। शोर सुनकर गांव के लोग वहां पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल पवित्र को जोया सीएचसी में भर्ती कराकर उपचार दिलाया गया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में अभिषेक, दीपू, उदित व तुषार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## सांड के बेहोश मिलने से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। गांव शाहपुर कला के आसपास गोवंशीय पशुओं का लगातार बेहोश मिलना पुलिस के लिए खतरे की घंटी है। एक माह पहले भी गांव शाहपुर कला के समीप तीन पशु बेहोशी की हालत में मिले थे। एक बार फिर सांड के बेहोशी की हालत में मिलने से जहां ग्रामीणों में रोष फैला हुआ है वहीं पुलिस के लिए भी यह शुभ संकेत नहीं माना जायेगा। क्योंकि ऐसी घटनाओं के बाद हिंदू संगठनों के द्वारा विरोध किया जाता है।

# पॉलिसी कराने का झांसा दे सवा दो लाख हड़पे

### एजेंट व उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बीमा कंपनी के एजेंट ने पॉलिसी कराने का झांसा देकर 2. 25 लाख रुपये हड़प लिए। महिला की मौत के बाद परिवार के लोगों ने जब बीमा कंपनी पहुंचकर जानकारी की तो पता चला कि पॉलिसी नहीं हुई थी। एजेंट से पैसों की मांग की तो उसने कर्जा चुकाने की बात कहते हुए फिलहाल पैसे देने से इनकार कर दिया। मामले में एजेंट व उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्टदर्ज कर ली गई है।

रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर खालसा में नसीम खान का परिवार रहता है। उनका आरोप है कि उनकी भाभी रुशदा खानम ने शहर के मोहल्ला मजापोता निवासी इरफान हैदर के माध्यम से मुरादाबाद की एक बीमा कंपनी से तीन पॉलिसी कराई थीं। पहली दो पालिसी ठीक चल रही थीं जबकि तीसरी पॉलिसी कराने के कुछ दिन बाद ही डिलीवरी के दौरान रूशदा खानम की मृत्यु हो गई थी। नसीम खान का कहना है कि रुशदा खानम ने तीसरी पॉलिसी कराने के लिए इरफान हैदर के कहने पर उनकी पत्नी तूबा फात्मा का खाते में 2.25 लाख रुपये ट्रांसफर कराए थे। रुशदा खानम की मौत के बाद नसीम खान ने मुरादाबाद स्थित बीमा कंपनी के ऑफिस जाकर पॉलिसी की जानक. ारी ली तो पता चला कि तीसरी पॉलिसी कराई ही नहीं गई है। एजेंट इरफान हैदर से पूछा तो उसने बताया कि उसने रुशदा खानम की तीसरी पॉलिसी नहीं कराई है, लेकिन पैसे लिए हैं। पैसे मांगने पर भी उसने व पत्नी ने बताया कि उन्होंने अपना कर्जा चुका दिया है, पैसे जल्दी लौटा देंगे लेकिन इसके बाद इरफान हैदर ने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। नसीम खान ने आरोपी दंपति के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में इरफान हैदर व उसकी पत्नी तूबा फात्मा के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# बिल के विरोध में हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

### न्यायिक कार्य ठप, बिना न्याय के ही बेरंग लौटे वादकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में मंगलवार को कचहरी में अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। अधिवक्ताओं के हड़ताल पर होने के चलते न्यायिक कार्य ठप रहा और बिना न्याय के ही वादकारियों को बैरंग लौटना पड़ा।

बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के अध्यक्ष सलीम खान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ के खिलाफ नारेबाजी की। अध्यक्ष सलीम खान ने बताया कि केंद्र सरकार अधिवक्ता अधिनियम-1961 में संशोधन कर नया कानून लाने की तैयारी कर रही है। सरकार ने इसके लिए अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 का ड्राफ्ट तैयार किया है। सरकार के इस कदम से अधिवक्ता आक्रोशित है। सांकेतिक प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार किया है। अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह संशोधन अधिक्ताओं के हितों पर सीधे प्रहार करने वाला संशोधन साबित होगा। बार और बेंच मिलकर न्यायालय पूर्ण होता है, लेकिन सरकार न्यायालय में हस्तक्षेप करने के लिए बार को टारगेट कर रही है। संशोधन अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर सीधे प्रहार है। हम आगे बढकर अपनी लड़ाई को लड़ेंगे। जब तक सरकार अपने फैसले को वापस नहीं लेती है। इस दौरान बार सचिव सतीश कुमार त्यागी, सौरभ यादव, नवनीत कुमार गोला, अतीक अहमद, दिनेश कुमार, इसरार अहमद, संजय सिंह, सुंदर सैनी, शाबाज अली, नरेंद्र पोसवाल, हशमत अली, सूर्य प्रताप सिंह, नदीम अहमद, मोहम्मद जीशान आदि मौजूद रहे।



# प्रधान ने महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

### कपड़े बदल रही महिला को अकेला देख घर में घुसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। ब्लॉक क्षेत्र के एक ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पर महिला से दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया हैं। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने महिला को अकेला घर में देख उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया शोर होने पर उसका बेटा आ गया तो ग्राम प्रधान किसी से कहने पर गोली मारने की धमकी देता हुआ भाग गया।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का आरोप है कि बीती 23 फरवरी को उसका पति मजदूरी पर गया था वह घर पर अकेली थी। महिला अपने परिवार के साथ एक कार्यक्रम में जाने के लिए कपड़े पहन रही थी तभी महिला को अकेला देख वर्तमान ग्राम प्रधान घर में घुसकर उसको दबोच लिया और जबरन बलात्कार किया। महिला की चिल्लाने की आवाज सुनकर उसका 12 वर्षीय बेटा भी वहां आ गया आरोपी की महिला के बेटे ने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी आ गए. जिनको देख कर ग्राम प्रधान महिला के पुत्र को गाली देता हुआ और किसी को बताने पर गोली मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। इसके बाद जब महिला का पति कम से घर वापस आया तो महिला ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और कार्यवाही की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर वर्तमान ग्राम प्रधान सुमित दिवाकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। मामले में जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विवाहिता को ससुराल से निकाला, पति समेत सात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। दहेज की मांग पूरी न कराने पर विवाहिता को ससुराल से निकाल दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अपरौला का है। यहां रहने वाले इमामुद्दीन के बेटे निजामुद्दीन की शादी दो साल पहले पास के गांव खेड़ा निवासी रहम अली की बेटी सहरीन के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में सहरीन को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल वाले उस पर मायके से बाइक व पांच लाख रुपये दिलवाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। आरोप है कि 22 फरवरी 2025 को ससुराल वालों ने सहरीन के साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। वह मायके में आकर रहने लगी। फैसले की कोशिश नाकाम होने पर सहरीन के पिता रहम अली ने थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में पति निजाम. ुद्दीन, सास शन्नो, देवर इसाजुल व राजू, ननद आसमा, चचेरे ससुर फुरकान व उसकी पत्नी शबाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# घर में घुसकर महिला व बच्चों को पीटा

## घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बच्चों को लेकर हुए विवाद में बड़े भी कूद गये। एक पक्ष द्वारा घर में घुसकर महिला व बच्चों को जमकर पीटा गया। घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर कलां की है। यहां पर शमशुद्दीन अली का परिवार रहता है। वह गांव पैगंबरपुर में दुकान करते हैं। सोमवार सुबह वह अपनी दुकान पर चले गए थे। घर पर पत्नी नगमा, बेटी सारिक व बेटा फाजिल मलिक थे। गांव के ही अकबर अली के बच्चों से शमशुद्दीन के बच्चों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। ग्रामीणों ने उस वक्त मामला शांत करा दिया था। आरोप है कि बाद में अकबर अपनी पत्नी कुलसूम, बेटी निशा व बेटे शाहरूख खान के साथ हाथों में लाठी डंडे लेकर शमशुद्दीन के घर में घुस आए। उन्होंने नगमा, सारिक व फाजिल पर हमला कर दिया। लाठियों से बेरहमी के साथ पीटा। गांव के लोग बचाव में भी आए लेकिन इसके बावजूद आरोपी लाठी बरसाते रहे। पूरे घटनाक्रम की किसी ग्रामीण ने वीडियो बना ली। वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायल हो रही है। पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा आरोपियों पर दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# वकीलों ने कलमबंद हड़ताल रख किया प्रदर्शन

## प्रस्तावित अधिवक्ता बिल का विरोध, रजिस्ट्री कार्यालय में की तालाबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के निर्देश पर तहसील बार एसोसिएशन द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 की धारा 35 ए, 45 बी तथा 49 बी के विरोध में कलमबंद हड़ताल रखी गई। अधिवक्ताओं द्वारा सब रजिस्ट्री कार्यालय के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रस्तावित संशोधित काला कानून वापस लेने की मांग की गई।

अध्यक्ष चंद्र सैन अग्रवाल के नेतृत्व तथा महासचिव मदन कुमार राणा के संचालन में अधिवक्ताओं ने जोरदार नारेबाजी की और सरकार से प्रस्तावित संशोधन को वापस लेने की मांग दोहराई। अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्री कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक क्रमिक धरना आयोजित किया।समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्य के अलावा सब रजिस्ट्री कार्यालय में भी पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया। अध्यक्ष चन्द्र सैन अग्रवाल ने प्रस्तावित संशोधन को अनावश्यक व अधिवक्ताओं की संवैधानिक स्वतंत्रता व स्वायत्तता के विरुद्ध बताया और वापस लेने की मांग की । पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी ने प्रस्तावित संशोधन विधेयक को




अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों का हनन तथा अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों के विरुद्ध बताया। प्रदर्शन में चंद्रसेन अग्रवाल अध्यक्ष, महासचिव मदन कुमार राणा,पूर्व अध्यक्ष मुजाहिद चौधरी व महीपाल सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गंगा सरन खड्गवंशी व महावीर सिंह चौहान, दिनेश गुप्ता, हरिओम शर्मा, सुबोध शर्मा, विनोद सक्सेना,सुनील भटनागर, वीर सिंह त्यागी,अरूण कुमार, राजीव शर्मा, मयंक अग्रवाल, नुसरत अली, रमेशचंद्र, मो. यामीन,जयप्रकाश सैनी, प्रेमचंद मौर्या, मौ.सद्दाम,महावीर सिंह भाकियू, मंगल सेन शर्मा,रामेश्वर सरन, मंसूर फारूकी, हरिश्चंद्र, जसपाल, रमेश चंद्र राणा, सूर्य प्रताप सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बेटी पैदा होने पर पति ने की दूसरी शादी

## पति समेत तीन पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज में दो लाख रूपये व बाइक न मिलने पर पत्नी को घर से निकाल दिया। जबकि पति ने दूसरी शादी कर ली। कोर्ट के आदेश पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पांयती खुर्द का है। यहां रहने वाले भूरे शाह ने अपनी बेटी फिजा खातून की शादी 27 दिसंबर 2020 को मुरादाबाद जिले मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव नगलिया मशकूला निवासी हनीफ के बेटे मोहसिन के साथ की थी। आरोप के मुताबिक शादी के बाद फिजा खातून ने दो बेटियों को जन्म दिया। एक बेटी की बीमारी के चलते मौत हो गई। आरोप है कि दो बेटी पैदा होने के बाद ससुराल वाले फिजा को परेशान करने लगे। मायके से दो लाख रुपये व बाइक दिलाने का दबाव बनाते थे। विरोध करने पर मारपीट की जाती थी। इतना ही नहीं धमकी दी जाती थी तो दो बेटी पैदा कर दीं, हमारा वंश कैसे चलेगा। हम मोहसिन की दूसरी शादी करेंगे। बाद में फिजा को घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके में आकर रहने लगी। फिजा का आरोप है कि अब ससुराल वालों ने पति का दूसरा निकाह करा दिया है। 12 जनवरी 2025 को फैसला करने के लिए पंचायत बुलाई थी। जिसमें ससुराल वालों ने फिर से उसके साथ मारपीट की। तहरीर के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। लिहाजा पीड़िता ने अदालत की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में अदालत के आदेश पर मोहसिन, हनीफ व अमीर जहां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# महबूब ने विधान सभा सदन का संचालन किया



## कार्यकर्ताओं ने किया खुशी का हजहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोकलेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने विधान सभा अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में सदन की कार्रवाई का सचालन किया। उन्होंने विधायकों की समस्याओं सुनकर दूर करने का भरोसा दिया।

श्री अली ने बजट पर पक्ष-विपक्ष के विधायकों को बोलने का मौका दिया। जिन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में उठाया। आज तक जिले के किसी भी विधायक को इतनी बड़ी जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई थी। श्री अली ने समस्याएं सुन सभी को दूर करने का भरोसा दिया। सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि मुझे जो सम्मान दिया गया है वह जिले के सभी सपा कार्रकर्ताओं व प्रत्येक नागरिक का है। पार्टी कार्यकर्ताओं को जब इसकी जानकारी मिली तो वह खुशी से जूम उठे तथा उन्होंने एक दूसरे को मिठाई खिला मुबारकबाद दी।

# महाशिवरात्रि पर नगर की यातायात व्यवस्था धड़ाम

## यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिवरात्रि के पर्व को लेकर नगर की यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह बिगड़ गई। आटो व ई-रिक्शा न मिलने के कारण राहगिरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

आज होने वाले महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। यातायात पर भी खास नजर रखी गई। नौगावां रोड पर वाहनों का संचालन नाममात्र का रहा। केवल कांवड़ियों के वाहनों को यहां से गुजारा जा रहा था। इतना ही नहीं इस मार्ग पर चलने वाले टैम्पों, आटो भी बंद रहे। कई स्थानों पर पुलिस तैनात रही। मार्ग को बीच में डिवाइड कर कर दिया गया। एक लेन पूरी तरह कांवड़ियों व उनके वाहनों के लिये सुरक्षित कर दी गई । ताकि किसी भी शिवभक्त को परेशानी न हो। जिस कारण इस मार्ग पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। सारा दिन यही हाल रहा। बिजनौर रोड पर कई स्थानों पर पुलिस की पिकैट तैनात की गई थी। आज होने वाले महाशिवरात्रि के पर्व को शांपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। डीएम-एसपी कई दिनों से अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

# रमजान में पर्याप्त सुविधाएं दिलाने की मांग

## मुस्लिम कमेटी ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रमजान में जरूरी सुविधाओं की मांग को लेकर मुस्लिम कमेटी पदाधिकरियों ने डीएम निधि गुप्ता वत्स को ज्ञापन सौंपा। रमजान की आमद को लेकर मंगलवार को कमेटी पदाधिकारियों की बैठक शहर के मोहल्ला कोट स्थित मंसूर अहमद एडवोकेट के आवास पर हुई।

अध्यक्ष खुरशीद अनवर ने आगामी रमजान माह के मद्देनजर सुविधाओं की बाबत प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने की बात कही। इसके बाद कमेटी पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल कलक्ट्रेट पहुंचा और डीएम निधि गुप्ता वत्स से मुलाकात की। ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 1 मार्च से रमजान की शुरुआत हो रही है। लिहाजा, 24 घंटे निर्बाध विद्युत एवं पेयजलापूर्ति के अलावा जिले में मस्जिदों के पास सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। वहीं, मंगलवार को साप्ताहिक बाजार बंदी से मुक्त रखने के अलावा जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री पर भी



प्रतिबंध लगाने के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाने की बात कही। इस दौरान मंसूर अहमद एडवोकेट, सरताज आलम मंसूरी, हाजी अब्दुल कय्यूम राईनी, कमर नकवी, मरगूब सिद्दीकी, सैयद अली इमाम रिजवी, फहीम शाहनवाज, फैज आलम राईनी, जफर शाह खान, यासिर अंसारी, जीशान पाशा, सरकार आलम, आमिर खान, अफसार बख्श,मौहम्मद आलम आदि मौजूद रहे।

# बाजार का ठेका एक करोड़ 80 हजार में छूटा

## पिछले साल के मुकाबले 3 लाख 65 हजार अधिक रही बोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** नगर के साप्ताहिक पैठ बाजार का ठेका एक करोड़ 80 हजार की सबसे अधिक बोली लगाने वाले ठेकेदार के नाम छूटा।

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर मसीह नजम की मौजूदगी में नगर पंचायत के साप्ताहिक बाजार के ठेके की नीलामी प्रक्रिया हुई। जिसमें सबसे एक करोड़ 80 हजार की सबसे अधिक की बोली लगाने वाले हाजी आफताब आलम के नाम यह ठेका छूटा। इससे कम की बोली मेराज आलम एक करोड़ 70 हजार की रही। जबकि पिछले वर्ष हाजी आफताब आलम को यह ठेका 97 लाख 17



हजार की बोली लगाने पर छूटा था। ईओ विपिन कुमार सिंह सेंगर ने बताया कि इस बार पिछले साल के मुकाबले ठेका तीन लाख 65 हजार रूपये अधिक में छूटा। इस अवसर पर चेयरमैन हाजी जुबैर अहमद, कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा भी मौजूद रहे।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आंगनबाड़ी केंद्रों व परिषदीय विद्यालयों के निपुण बच्चों हेतु 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता की अध्यक्षता में कंपोजिट विद्यालय गजरौला में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डायट प्रवक्ता रवि यादव ने शिक्षक

### अपने ब्लॉक को निपुण बनाने के निष्ठापूर्वक कार्य करें: रवि

शिक्षिकाओं को गजरौला ब्लॉक क्षेत्र को निपुण बनाने व अपने दायित्वों को ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। बीईओ ने उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच पांच निपुण बच्चे बुलाए गए। कुल 35 निपुण बच्चों



को शैक्षिक किट देकर सम्मानित किया गया। एसआरजी डॉ.जितेंद्र सागर ने वनडर बॉक्स की विस्तृत जानकारी दी। एआरपी जयवीर सिंह ने माता उन्मुखीकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण स्वास्थ्य व शिक्षा की आवश्यकता होती है। उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापिका रेखा रानी, डॉ.पृथ्वी सिंह, डॉ. नरेन्द्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, कमल कुमार शर्मा, महेंद्र सिंह, भाग्यवती, माया देवी, संजीव कुमार, भावना वर्मा, मीना कुमारी, मूलचंद, आकांक्षा मिश्रा, उमा देवी आदि मौजूद रहे।

# स्वच्छता का स्तर सुधारने को कार्यशाला



## ईओ व डीपीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता का स्तर में सुधार करने व अच्छे रैंक प्राप्त करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत डीपीएम नदीम अख्तर ने विस्तार से स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने के लिए समस्त सफाई, खादय निरीक्षक सफाई नायक व वाहन चालकों तथा कर्मचारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण के सर्वे और नागरिक फीडबैक सार्वजनिक शौचालय के बेहतर रख रखाव पर जोर दिया तथा ऑडियो प्लस के मानकों को पूर्ण करने हेतु जेई निर्माण जलकल व प्रकाश व्यवस्था को निर्देश दिया कि कचरे के प्रकार, कचरे के पृथ्वीकरण का महत्व एवं कचरे की नजदीकी के बारे में बताया। इस मौके पर तमाम सफाई निरीक्षक भी मौजूद रहे।

# सपा-कांग्रेस ने किया दलितों व बाबा साहब का अपमान



**गजरौला।** धनौरा विधायक राजीव तरारा ने विधानसभा में बजट पर समर्थन पर आयोजित चर्चा पर विचार व्यक्त करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 06 लाख रूपये का बजट प्रस्तुत करके प्रदेश के सर्वांगीण विकास का कार्य किया है, जिसके लिये वे बधाई के पात्र हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के चहुंमुखी विकास हेतु किए गए कार्यों की आज पूरे देश भर में है। इसी तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबके प्रयास द्वारा नया भारत बनाने का संकल्प लिया है। आज उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनमी की ओर आगे बढ़ रहा है।

# 28 को लगेगा रोजगार मेला

**मंडी धनौरा।** युवाओं के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। 28 फरवरी को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा., जहां विभिन्न कंपनियों के तमाम पदों के लिए आवेदकों की जरूरी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा. यह रोजगार मेला नगर के शेरपुर मार्ग स्थित अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में 28 फरवरी की सुबह 10 बजे से शाम तक चलेगा. रोजगार मेले में नौकरी की तलाश करने वाले युवा भाग ले सकते हैं. अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलिज के प्रबंधक अशोक सैनी ने बताया मेला युवाओं के लिए एक अच्छा मौका है। जिससे वह अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर रोजगार हासिल कर अपने भविष्य को मजबूत कर सकेंगे।

# वकीलों ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय में तालाबंदी की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** तहसील में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 के विरोध में हड़ताल की। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में वकीलों ने तहसील स्थित रजिस्ट्री कार्यालय का घेराव कर अपना आक्रोश जताया।

मंगलवार को अमरोहा सदर तहसील बार एसोसिएशन की बैठक बार भवन में आयोजित हुई। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 अधिवक्ताओं के हितों के खिलाफ है जिसे तुरंत वापस लिया जाए। इसके बाद तमाम वकील तहसील परिसर स्थित रजिस्ट्री कार्यालय पर एकत्र हुए और कार्यालय बंद कराकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अधिवक्ता अधिनियम संशोधन 2025 को वापस लेने की मांग की। इस दौरान दस्तावेज लेखकों ने भी पूर्ण समर्थन दिया। इस मौके पर एस.पी सक्सैना, यशपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, सीमा सक्सेना, शकील अहमद, गौरव कुमार शर्मा, मनजीत सिंह, अभिनव सक्सेना, महेश यादव, अशोक चौहान, फुरकान अहमद, राजकुमार सिंह, जयविंदर सिंह, टीकाराम सैनी, संजीव गुर्जर, हरचरन सिंह, रामफल सिंह, शंकर सिंह, इमरान अली, मोहम्मद इरशाद आदि मौजूद रहे।

# वैंक्टेश्वरा लायंस बना ऐतिहासिक 'लीजैण्ड लीग क्रिकेट 2025 का चैम्पियन

## हमें अपने खिलाडियों पर नाज है: डॉ.सुधीर गिरि

## भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है बल्कि यह एक सर्वमान्य धर्म है: डॉ.राजीव त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ऐतिहासिक 'लीजैण्ड लीग क्रिकेट-2025' में वेंक्टेश्वरा लायंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी ट्राफी अपने नाम की। वेंक्टेश्वरा लायंस के चैम्पियन बनने पर विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास का वातावरण रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्व विद्यालय में पिछले दस दिनों से लखनऊ में चली आ रही राष्ट्रीय स्तर की टेनिस बाल क्रिकेट लीग 'लीजैण्ड लीग क्रिकेट-2025' का ओवर आल चैम्पियन बनने पर वेंकेटेश्वरा लायंस टीम का संस्थान परिसर में जोरदार स्वागत किया गया। इसके अलावा

### विवि पहुंचने पर टीम का हुआ ढ़ोल नगाड़ों से स्वागत

इस जीत से गदगद इनामी राशि दस लाख के साथ अलग से समूह अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने पांच लाख रूपये टीम को अपनी ओर से प्रदान किये। मशहूर पार्श्व गायक विजय प्रकाश ने इस अवसर पर बालीवुड के एक से एक बढ़कर एक तराने पेश कर समारोह को यादगार बना दिया। समूह अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि ने आईपीएस अमित कुमार आनंद एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी के साथ मिलकर विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया। विस्तार से बताते हुए संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि एवं प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी ने बताया कि लखनऊ के ऐतिहासिक केडी सिंह बाबू अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दस दिनों चलने वाले दस-दस ओवर वाली इस लीजैण्ड लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल बारह टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनके मुख्य चयनकर्ता पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा एवं इस लीग के कमिश्नर दक्षिण अफ्रीका के महान क्रिकेटर जोंटी रोड्स थे। इसके साथ ही हरभजन सिंह, क्रिस गेल, ब्रेट ली, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, आदि विश्व के दिग्गज खिलाड़ी इस सीरीज में चीफ कोच / मेंटर की भूमिका में रहे। बेहद रोमांचक इस सीरीज में वेंकेटेश्वरा के शेरों ने सेमीफाइनल तक कोई भी मैच न हारने वाली ब्रज वारियर मथुरा को 6 विकेट से हराकर 'चौम्पियन ट्राफी-2025' अपने नाम कर ली। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि के साथ मिलकर टीम को दस लाख रूपये, मैन ऑफ द सीरीज को चमचमाती निशान कार, 12 खिलाडियों को इलेक्ट्रॉनिक बाईक के साथ करोड़ों रूपये के इनाम प्रदान किये। फाइनल में मशहूर सिंगर कैलाश खेर के गानों पर सभी टीमों के खिलाड़ी स्टेडियम में झूमते नजर आये। टीम के स्वागत समारोह में सीईओ अजय श्रीवास्तव, मुख्य टीम कोच अमन लिट, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम चौधरी, कुलपति प्रो.(डा.)कृष्णकान्त दवे, डॉ. राजेश सिंह, डॉ.एना एरिक ब्राउन, डॉ.मनीष शर्मा, डॉ.शिल्पा रैना, अरुण गोस्वामी, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ.नीतू पंवार, डॉ. श्रीराम गुप्ता, डॉ.ओमप्रकाश, डॉ. आशुतोष, डॉ.टीपी सिंह, डॉ. राजवर्धन, डॉ.विश्वनाथ झा, डॉ. सर्वानन्द साहू, मारूफ चौधरी, सौमिक बनर्जी आदि मौजूद रहे।




**गजरौला।** विजेता टीम में शामिल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद।

